भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. +997

जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 29 जुलाई, 2024, 7 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

पश्चिम बंगाल की बकाया धनराशि

+997. श्री दीपक अधिकारी (देव) :

श्रीमती माला राय:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल को देय बकाया का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्यों को माल और सेवा कर (जीएसटी) की बकाया राशि की वास्तविक रूप से भुगतान की गई राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पश्चिम बंगाल को देय, भुगतान की गई और बकाया राशि में कोई विसंगति है और यदि हां, तो पश्चिम बंगाल सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क):- विगत पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल राज्य को माल और सेवा कर से संबंधित कोई राशि बकाया नहीं है।

(ख) एवं (ग):- उपरोक्त (क) के उत्तर के मद्देनजर यह प्रश्न नहीं उठता।